കണ്ണൂർ ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത് -ഡയറ്റ് കണ്ണൂർ
മുകുളം സമഗ്ര വിദ്യാഭ്യാസ പദ്ധതി
എസ്.എസ്.എൽ.സി. മാതൃകാ പരീക്ഷ – 2021
ഹിന്ദി (A)

സമയംഃ 1½ മണിക്കൂർ | ആകെ സ്കോർഃ 40

നിർദ്ദേശങ്ങൾഃ

20 മിനുട്ട് സമാശ്വാസ സമയം ആയിരിക്കും.
ഈ സമയത്ത് മുഴുവൻ ചോദ്യങ്ങളും വായിച്ചുനോക്കി 40 മാർക്കിനുള്ള ചോദ്യങ്ങൾ ഉത്തരമെഴുതാനായി തെരഞ്ഞെടുക്കുക
പരമാവധി ചോദ്യങ്ങൾ 80.

**सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।

1. बेला और साहिल का स्कूल किस कक्षा तक का था? 1
2. रिज़ल्ट आने पर दोनों दुखी थे। क्यों? 2
3. इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें। 4

**सूचनाः 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

> दीपावली की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुला तो बेला के सिर पर सफ़ेद पट्टी बाँधी थी।

4. बेला के सिर पर क्या हो गया था? 1
5. प्रस्तुत प्रसंग पर बेला और साहिल के बीच की **बातचीत** तैयार करें। 4

**सूचनाः 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> कविता के अर्थ इतने सहज और साफ़ है कि उन्हें व्याख्या की दरकार नहीं है। सरल शब्दों बाले वाक्य स्वयं ही अपना मर्म कह देते हैं।

6. यहाँ किसकी कविता के संबंध में कहा गया है? 1
7. कविता की विशेषताएँ क्या–क्या हैं? 2
8. 'दरकार' शब्द का अर्थ चुनकर लिखें। (विशेषता, आवश्यकता, व्याख्या) 1

सूचनाः 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें।

> सड़क पर घायल पड़े व्यक्ति को देखकर क्या हम कह सकते हैं कि उसे हम नहीं जानते।

9. घायल पड़े व्यक्ति को किसकी ज़रूरत होती है? 1
10. सड़क पर घायल पड़े अपरिचित व्यक्ति के प्रति हमारी प्रतिक्रिया कैसी होनी चाहिए? (प्रतिक्रिया – പ്രതികരണം) 2

**सूचनाः कोष्ठक से उचित रूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करें।**

11. वह लड़का गोपाल का बेटा है। वे लड़के गोपाल ....... बेटे हैं। (का, के, की) 1

**सूचनाः 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 12 और 13 के उत्तर लिखें।**

दो मनुष्यों के बीच मनुष्यता का अहसास यानी मानवीय संवेदना होना ज़रूरी है। जानकारियाँ ज़रूरी नहीं हैं।

12. यहाँ 'जानकारियाँ' क्या हैं? 1
13. इस प्रस्ताव से आप कहाँ तक सहमत हैं? 2

**सूचनाः 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।**

मैं
रथ का टूटा पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत!

14. टूटे पहिये के प्रति लोगों का मनोभाव क्या होता है? 1
15. कविता की **प्रासंगिकता पर टिप्पणी** लिखें। 4

**सूचनाः 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

वही मोरपाल जिसको मेरे खाने के डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थीं। हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने के अदला–बदली का।

16. 'बाँछें खिलना' का मतलब है .............।
(बहुत उदास होना, बहुत क्रुद्ध होना, बहुत खुश होना) 1
17. यहाँ खाने की अदला–बदली कैसी होती थी? 2

**सूचनाः 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 18 से 20 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मैं आज तक नहीं जान पाया कि कैसे वह उस छाछ के डिब्बे को रोज़ पन्द्रह किलोमीटर बिना ज़रा भी छलकाए लिए आता था?

18. मोरपाल कैसा लड़का था? (गरीब, आलसी, धनिक) 1
19. मोरपाल कितनी दूर से स्कूल आता था? वह कैसे स्कूल आता था? 2
20. मोरपाल के जीवन अनुभवों पर **टिप्पणी** लिखें। 4

**सूचनाः 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 18 से 20 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

एक बार मुझे याद है कि मोहल्ले की किसी शादी में भी उसे वही नीली–खाकी यूनिफार्म पहने देख मैं हैरान रह गया था।

21. यहाँ 'मैं' कौन है? 1
22. शादी में भी यूनिफार्म पहनकर कौन आया था? 1
23. मोरपाल की आर्थिक दशा के संबंध में आप क्या जानते हैं?
    (आर्थिक दशा–സാമ്പത്തിക സ്ഥിതി) 2

**सूचनाः कोष्ठक से उचित रूप चुनकर वाक्य की पूर्ति करें।**

24. मैं घर से दूर अकेला रहूँगा। वह घर से दूर अकेला ..........। (रहेंगे, रहेगा, रहोगे) 1

**सूचनाः 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 25 से 28 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मोरपाल का स्कूल आठवीं के बाद छूट जाता है (छुड़वा दिया जाता है) और वह अपने पिता की तरह आज भी वही खेत–मजूरी करता है।

25. मोरपाल की पढ़ाई आठवीं के बाद क्यों छूट गई? 2
26. स्कूल 'छुड़वा दिया जाता है'– किससे? (पिता से, मिहिर से, सहपाठी से) 1
27. मोरपाल की इस हालत पर आपका विचार क्या है? 2
28. बालश्रम को रोकने का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचनाः 'सबसे बड़ा शो मैन' नामक जीवनी का अंश पढ़ें 29 से 31 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कहीं से कुछ लोग म्याउं–म्याउं की आवाज़ निकालने लगे। इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया।

29. यहाँ 'अभद्र शोर' क्या है? 1
30. लोग क्यों शोर मचा रहे थे? 2
31. इस प्रसंग पर चार्ली की माँ की **डायरी** लिखें। 4

**निर्देशः नमूने के अनुसार वाक्य की पूर्ति करें।**

32. लोग चिल्लाने लगे। लड़का चिल्लाने .......... । (लगा, लगे, लगी) 1

**सूचनाः अकाल और उसके बाद नामक कविता का यह अंश पढ़कर प्रश्न 33 का उत्तर लिखें।**

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उसके पास

33. कविता के **आशय पर टिप्पणी** तैयार करें। 4

34. **सही जोड़े लगाएँ।** 3

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण देवता | एक के पाँच लेंगे। |
| ठाकुर | आशीर्वाद देंगे। |
| साहूजी | लाठी मारेंगे। |

**सूचनाः 'बसंत मेरे गाँव का' नामक लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 35 और 36 के उत्तर लिखें।**

उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई से बड़ा बच्चों का कोई दूसरा त्यौहार नहीं है।

35. फूलदेई किस ऋतु में मनाया जाता है? 1

36. बच्चों को दक्षिणा के रूप में क्या–क्या मिलते हैं? 1

**सूचनाः 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 37 और 38 के उत्तर लिखें।**

सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में

37. मैदान, बगीचे और घरों के आँगन किसके लिए महत्वपूर्ण है? 1

38. कविता में चर्चित मुख्य समस्या क्या है? (बेरोज़गारी, जातीय असमानता, बालश्रम) 1

**सूचनाः 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 39 और 40 के उत्तर लिखें।**

देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया? ताऊजी बोले भूला नहीं है रे.... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।

39. यहाँ गुठली किस बात की शिकायत कर रही है? 1

40. ताऊजी के अनुसार किनके नाम कार्ड पर नहीं छपते हैं? 1

41. **सही मिलान** करेंः 4

| | |
|---|---|
| बीरबहूटी | प्रेमचंद |
| बच्चे काम पर जा रहे हैं | मुकेश नौटियाल |
| ठाकुर का कुआँ | राजेश जोशी |
| बसंत मेरे गाँव का | प्रभात |

**सूचनाः 'दिशाहीन दिशा' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 42 और 43 के उत्तर लिखें।**

रात को ग्यारह के बाद हम लोग घूमने निकले। घूमते हुए भोपाल ताल के पास पहुँचे तो मन हो आया कि नाव लेकर कुछ देर झील की सैर की जाए।

42. लेखक के साथ कौन था? 1

43. नाविक का नाम क्या था? वह कैसा आदमी था? 2